**उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड**
(उ0प्र0 सरकार का उपक्रम)
**U. P. Power Corporation Limited**
(U.P.Govt. Undertaking)
CIN: U32201UP1999SGC024928
**शक्ति भवन, 14–अशोक मार्ग, लखनऊ–226001**

**संख्या : 142–अ0प्र0(2ब)/पाकालि/2022** **दिनांक 19 अक्टूबर, 2022**

## कार्यालय ज्ञाप

कारपोरेशन के कार्यालय ज्ञाप सं0–73–अ0प्र0(02अ)/पा0का0लि0/2022, दिनांकः 17.08.2022 तथा उसके अनुक्रम में निर्गत कार्यालय ज्ञाप सं0–79–अ0प्र0(2अ)/पाकालि/2022, दिनांक 20.08.2022 व कार्यालय ज्ञाप सं0–86–अ0प्र0(2अ)/पाकालि/2022, दिनांक 28.09.2022 में संशोधन करते हुए, उ0प्र0पा0का0लि0 मुख्यालय में निदेशक (वाणिज्य) के अंतर्गत अधिकारियों का कार्य आवंटन एतद्द्वारा निम्नवत् किया जाता है–

**(1) मुख्य अभियन्ता(वाणिज्य): श्री चन्द्रवीर सिंह गौतम (88073)**

| अनुभाग | अधीक्षण अभियन्ता | वर्तमान में कार्यरत अधिशासी/सहा0 अभि0 | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| वाणिज्य – प्रथम | श्री पंकज अग्रवाल | श्री चन्द्रजीत प्रसाद अधिशासी अभियन्ता | विद्युत टैरिफ, इलेक्ट्रिसिटी एक्ट, रेलवे ट्रैक्शन, वाणिज्य–प्रथम इकाई के सम्प्रेक्षा प्रस्तरों, विद्युत प्रदाय संहिता, मोबाइल टावर, ओपेन एक्सेस, रूफ टाफ सोलर प्लाण्ट एवं नेट मीटरिंग, पी0डब्लू0सी0 संबंधित कार्य, सिक्यूरिटी तथा सीक्यूरिटी ब्याज, टोरेण्ट पावर, मेसर्स एन0पी0सी0एल0 से संबंधित प्रकरणों/सन्दर्भो का निस्तारण। |
| | | श्री रवि कान्त पाण्डेय अधिशासी अभियन्ता | उद्योग बन्धु से संबंधित कार्य, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास, निर्यात बन्धु एवं उ0प्र0 व्यापारी कल्याण बोर्ड, एम0ओ0यू0 से संबंधित निवेशकों की समस्याओं से संबंधित कार्य। |
| | | श्री अरविन्द सिंह गौतम अधिशासी अभियन्ता | हेल्प लाइन 1012, उद्योग मित्र, निवेश मित्र/पोर्टल प्रकरणों का अनुश्रवण, जनहित गारण्टी पोर्टल तथा बी0आर0ए0पी0 से संबंधित कार्य। |
| | | श्री शिव नाथ शुक्ला, सहायक अभियन्ता | केन्द्रीय भुगतान, स्थानीय निकाय/जल संस्थान के क्षेत्र से सत्यापित बीजक मंगवाकर समेलित करना तथा क्रेडिट नोट का भुगतान। |
| | | सुश्री प्रीति, सहायक अभियन्ता | राजकीय नलकूप, वर्ल्ड बैंक, इण्डो डच पम्प, लघु डल–नहर माध्यम एवं वृहद कैनाल, नदी प्रदूषण, जल निगम इत्यादि के सत्यापित बीजकों को मंगाने का कार्य। |
| वाणिज्य–द्वितीय | श्री प्रद्युम्न त्रिपाठी | श्री विनोद कुमार अवस्थी, अधिशासी अभियन्ता | एन0सी0एल0टी, बी0आई0एफ0आर0, विद्युत कर एवं किश्तों से सन्दर्भित कार्य तथा झटपट संयोजन पोर्टल का अनुश्रवण। |
| | | | बुनकरों को फ्लैट रेट आपूर्ति एवं सब्सिडी, विलम्ब अधिभार माफी की एकमुश्त योजनाएं।<br>जन सूचना से सम्बन्धित कार्य तथा आहरण एवं वितरण अधिकारी सम्बन्धी कार्य। |
| | | श्री अंकित कुमार, सहायक अभियन्ता | उपभोक्ताओं के बिल सम्बन्धी शिकायत, आई0जी0आर0एस, वी0आई0पी0 प्रकरण, लोक शिकायत प्रकरण। |
| | | श्री अमित कुमार, अधिशासी अभियन्ता<br><br>श्री मनीष कुमार, सहायक अभियन्ता | मा. उच्च/उच्चतम न्यायालय में लम्बित वाणिज्यिक याचिकाओं/वादों का अनुश्रवण एवं न्यायालयों में पैरवी, मा. जिला/राज्य/ एवं राष्ट्रीय उपभोक्ता आयोग में वाणिज्यिक वादों का अनुश्रवण, अन्य विधिक कार्य, MSME विभाग से शिकायतों का अनुश्रवण एवं MSME Sathi portal का अनुश्रवण |

| | | | |
|---|---|---|---|
| वाणिज्य–तृतीय | श्री विनोद कुमार मिश्र | श्री जितेन्द्र सिंह अधिशासी अभियन्ता | अनुशासनात्मक कार्यवाही से सम्बन्धित पत्रावलियों पर राजस्व आंकड़ों विषयक, आन लाइन सी.एस–3/4 तैयार करना । |
| | | श्री राम मोहन पाण्डेय, सहायक अभियन्ता | सी.एस–3/4 का संकलन, वितरण खण्डों के राजस्व लक्ष्यों का निर्धारण, इनर्जी तथा राजस्व प्राप्ति आंकड़े, लाइन हानियाँ माहवार ए.टी. एण्ड सी. हानियों की गणना, मासिक एवं प्रगामी वसूली दर की गणना, धारा–5 से सम्बन्धित सूचना का संकलन एवं इससे सम्बन्धित राजस्व विभाग के पोर्टल का अनुश्रवण। |
| | | श्री मनीष कुमार अवस्थी, सहायक अभियन्ता | स्थानीय स्तर पर भुगतान वाले सरकारी विभागों के लम्बित बकाये का अनुश्रवण, कोषवाणी पोर्टल का अनुश्रवण |
| वाणिज्य–चतुर्थ रेड इकाई | श्री अनुराग माथुर अधीक्षण अभियन्ता | श्री अभिषेक सिंह सहायक अभियन्ता | *1.* वितरण क्षेत्रों के अन्तर्गत प्रर्वतन/विभागीय दलों द्वारा विद्युत चोरी के विरूद्ध की जा रही रेड्स की कार्यवाही एवं विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थानों में दर्ज एफ0आई0आर0 के सम्बन्ध में आर0एम0एस0 पोर्टल के माध्यम से अनुश्रवण सुनिश्चित किया जाना एवं कार्ययोजना तैयार कर रेड्स की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु दिशा–निर्देश निर्गत किया जाना।<br>*2.* उदय योजना के अन्तर्गत रेड्स सम्बन्धी साप्ताहिक बैठक में रेड्स सम्बन्धी आकड़ों का पी0पी0टी0 के माध्यम से प्रस्तुतीकरण एवं उच्चाधिकारियों द्वारा दिये गये दिशा–निर्देशों के अनुपालन में कृत कार्यवाही से अवगत कराया जाना।<br>*3.* विद्युत चोरी एवं अनियमितता के प्रकरणों किये गये राजस्व निर्धारण एवं राजस्व निर्धारण की वसूली के आकड़ों के अनुश्रवण सुनिश्चित करते हुए वितरण निगमों को तद्सम्बन्ध में दिशा–निर्देश निर्गत कराया जाना।<br>*4.* मा0 उ0प्र0 विद्युत नियामक आयोग में रेड्स एवं विद्युत चोरी सम्बन्धी वादो (**Petition No.26 SM of 2021**) में कारपोरेशन स्तर से आवश्यक रेड्स सम्बन्धी आकड़े उपलब्ध कराया जाना एवं मा0 आयोग के निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किया जाना।<br>*5.* सूचना का अधिकार अधिनियम–**2005** के अन्तर्गत प्रकरणों में विद्युत चोरी एवं रेड्स सम्बन्धी वांछित सूचनाओं को उपलब्ध कराया जाना।<br>*6.* उ0प्र0 पावर कारपोरेशन द्वारा प्रदेश में विद्युत चोरी रोकने हेतु वितरण निगमों के स्तर पर समय–समय पर चलाये जा रहें **अभियानों जैसे की सर्वदा योजना, कटिया हटाओं संयोजन पाओ अभियान, रेड कैम्प अभियान** हेतु कारपोरेशन स्तर से आदेशों को जारी किया जाना, आदेशों का क्रियान्वयन, अभियान सम्बन्धी सूचनाओं का संकलन एवं अनुश्रवण।<br>*7.* विद्युत चोरी के सम्बन्ध में भारतीय विद्युत अधिनियम–**2003** की धारा–**135** के अन्तर्गत वितरण क्षेत्रों द्वारा की जाने वाली उपभोक्ता परिसरों की चेकिंग में पाई गई अनियमितताओं के उपरान्त की जाने वाली कार्यवाही।<br>**a.** भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा–**126** के अन्तर्गत आने वाली अनियमितताओं के सम्बन्ध में आवश्यकतानुसार वितरण निगमों को आवश्यक दिशा निर्देश निर्गत किया जाना।<br>**b.** भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा–**135** एवं धारा–**138** के अन्तर्गत दोषी व्यक्तियों के विरूद्ध प्रथम सूचना रिर्पोट दर्ज कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश।<br>*8.* विद्युत चोरी के प्रकरणों में भारतीय विद्युत अधिनियम की धारा–152 के अन्तर्गत विभिन्न श्रेणी के उपभोक्ताओं को उनके द्वारा उपभोग की जा रही विद्युत सेवा हेतु शमन–शुल्क की दर निर्धारण के सम्बन्ध में उ0प्र0 शासन स्तर से आवश्यक शासना देश जारी किये जाने हेतु पत्राचार।<br>*9.* विद्युत चोरी के मामलों में रेड की कार्यवाही सम्पादित किये जाते समय अवांछित एवं हिंसक धटनाओं के सम्बन्ध में जिला एवं पुलिस प्रशासन को कार्यवाही हेतु आवश्यक सम्पर्क किये जाने के सम्बन्ध में दिशा निर्देश।<br>*10.* **मुख्य सचिव महोदय, उ0प्र0 शासन** एवं प्रमुख सचिव (ऊर्जा), उ0प्र0 शासन के स्तर से समस्त जिलाधिकारियों को चोरी रोकने हेतु वितरण निगमों द्वारा चलाये जाने वाले विभिन्न अभियानों की सफलता हेतु आवश्यकतानुसार जारी किये जाने वाले परिपत्र। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | *11.* विभिन्न वितरण निगमों के नियंत्रणाधीन क्षेत्रों में कार्यरत प्रवर्तन दलों एवं विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थानों हेतु आवश्यक सहयोगी स्टाफ एवं अन्य संसाधन उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही एवं पत्राचार।<br>*12.* वितरण निगमों द्वारा शमन–शुल्क की वसूली के राजस्व को उ0प्र0 शासन के खाते में जमा किये जाने के सम्बन्ध में पत्राचार एवं अनुश्रवण।<br>*13.* विद्युत चोरी से सम्बन्धित शिकायती पत्रों का निस्तारण एवं वितरण निगमों के क्षेत्रीय अधिकारियों द्वारा कृत कार्यवाही के उपरान्त शमन–शुल्क एवं राजस्व निर्धारण की वसूली किये जाने के सम्बन्ध में अनुश्रवण की कार्यवाही।<br>**a.** राजस्व निर्धारण पर उपभोक्ताओं के द्वारा किये जाने वाले वादों के सम्बन्ध में शिकायती पत्रों का निस्तारण।<br>**b.** शासन द्वारा संदर्भित–विशिष्ट व्यक्तियों एवं वी0आई0पी0 प्रकरणों पर आवश्यक कार्यवाही।<br><br>*14.* विद्युत चोरी के शिकायती एवं अन्य प्रकरणों में विभागीय कार्मिकों के दोषी पाये जाने की स्थिति में उनके विरूद्ध आवश्यक **अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के सम्बन्ध में।**<br>*15.* कार्मिक प्रोत्साहन योजना के सम्बन्ध में आवश्यक पत्राचार किया जाना। |
| | | श्री कन्हैया लाल<br>सहायक अभियन्ता | ❖ **वाणिज्य स्कन्ध के नोडल कार्यालय के रूप में संसदीय कार्य से सम्बन्धित निम्नलिखित कार्य किये जाते हैं।**<br>1. विधानसभा/विधान परिषद से प्राप्त प्रश्नों के वाणिज्य इकाई से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन कर उत्तरों को कारपोरेशन को प्रेषित करना।<br>2. मा0 सांसद, लोकसभा, एवं राज्य सभा से प्राप्त प्रश्नों के वाणिज्य इकाई से सम्बन्धित सूचनाओं का संकलन कर उत्तरों को कारपोरेशन को प्रेषित करना।<br>3. मा0 विधानसभा, सदस्यों द्वारा नियम–51, 56, 300, 301, आदि नियमों में मांगी गयी सूचनाओं को विभिन्न इकाईयों से प्राप्त कर संकलित कर सूचना को कारपोरेशन को प्रेषित करना।<br>4. विधान परिषद, मा0 सदस्यों द्वारा नियम–103, 105, 110, 111, 115 आदि नियमों में मांगी गयी सूचनाओं को विभिन्न इकाईयों से प्राप्त कर संकलित कर सूचना को कारपोरेशन को प्रेषित करना।<br>5. निम्नलिखित समितियों के वाणिज्य इकाई से सम्बन्धित प्रकरणो का उत्तर विभिन्न ईकाइयो/ कार्यालयो से प्राप्त कर सूचनाओं का संकलन कर उत्तर को कारपोरेशन को प्रेषित करना।<br>❖ **विधानसभा की**<br>विशेषाधिकार समिति,<br>याचिका समिति,<br>प्रश्न एवं संदर्भ समिति,<br>प्राक्कलन समिति,<br>लोक लेखा समिति,<br>सरकारी आश्वासन सम्बन्धी समिति,<br>नियम समिति,<br>प्रदेश के स्थानीय निकायों के लेखा–परीक्षा प्रतिवेदनों की जॉच सम्बन्धी समिति,<br>संसदीय शोध संदर्भ एवं अध्ययन समिति,<br>❖ **विधान परिषद की**<br>आश्वासन समिति,<br>संसदीय अध्ययन समिति,<br>संसदीय एवं सामाजिक सदभाव समिति, |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | | प्रदेशीय विद्युत व्यवस्था सम्बंधी जांच समिति,<br>विनियमन समीक्षा समिति,<br>विधायी समाधिकार समिति,<br>विशेषाधिकार समिति,<br>याचिका समिति,<br>प्रश्न एवं संदर्भ समिति, आदि |
| | | | ❖ भारत सरकार की Liquidity Infusion Scheme के अंतर्गत कारपोरेशन की वित्त इकाई द्वारा आर०ई०सी० एवं पी०एफ०सी० के साथ किये गये अनुबन्ध एवं प्राप्त Special Long Term Transiant Loan (SLTTL) के अनुपालन मे राज्य ने अपने वित्तीय और परिचालन प्रदर्शन में सुधार करने एवं सक्षम बनाने के कम में विभिन्न उपकम द्वारा कार्य योजनाए प्रस्तुत की गयी है। कार्ययोजनाओं के अनुपालन के मुल्यांकन हेतु आर०ई०सी० /पी०एफ०सी० एवं ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा स्वीकृत विभिन्न प्रारूपों में सूचना, प्रेषित करने हेतु लेखा विभाग, एम०बी०सी० सेल, स्मार्ट मीटर इकाई, आर०ए०यू० इकाई, इनर्जी ऑडिट सेल, आई०टी० यूनिट, कैस्को आदि कार्यालयो से प्राप्त कर सूचनाओं का संकलन करने के उपरान्त आर०ई०सी०, पी०एफ०सी० एवं ऊर्जा मंत्रालय भारत सरकार (MOP) को प्रेषित करना। |

## (2) मुख्य अभियन्ता (ऊर्जा ऑडिट एवं लेखा निदेशालय): श्री अजय अग्रवाल (89037)

| अनुभाग | अधीक्षण अभियन्ता | वर्तमान में कार्यरत अधिशासी /सहायक अभियन्ता | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| मीटरिंग बिलिंग एवं कलेक्शन सेल | श्री पवन अग्रवाल, अधीक्षण अभियन्ता | श्री संदीप कुमार, अधिशासी अभियन्ता | • बिलिंग पालिसी का अनुपालन सुनिश्चित कराना।<br>• विभिन्न खण्डों में बिलिंग एजेन्सी के स्टेटस की स्थिति प्राप्त कर क्वालिटी बिलिंग हेतु उचित एजेन्सी का डिस्कॉम द्वारा चुनाव में सहयोग एवं समीक्षा करना।<br>• बिलिंग एजेन्सी के कार्यों की गुणवत्ता का अनुश्रवण<br>• डाटा विश्लेषण द्वारा प्रबन्धन को राजस्व सुधार से सम्बन्धित रिपोर्ट प्रस्तुत करना<br>• मीटरिंग, बिलिंग सम्बन्धी विभिन्न प्रोसेस की आवश्यकतानुसार क्रियान्वयन करने हेतु आई०टी० इकाई को आवश्यकता प्रेषित करना। |
| | | श्री विकास कुमार सिंह, अधिशासी अभियन्ता | • अनमीटर्ड से मीटर्ड किये जाने के कार्य का अनुश्रवण।<br>• आई०डी०एफ०/ए०डी०एफ०/आर०डी०एफ०/सी०डी०एफ० हुए बिलों को ठीक किये जाने का अनुश्रवण।<br>• बिलिंग लॉजिक ऑडिट के अन्तर्गत बिलिंग एवं मीटरिंग प्रोसेस सम्बन्धी फील्ड से प्राप्त सुझावों एवं समय–समय पर ऑनलाइन डाटा के विश्लेषण के आधार पर आईटी इकाई को निराकरण/आवश्यक परिवर्तन हेतु प्रेषित करना।<br>• अन्य राज्यों के प्रचलित मीटरिंग व्यवस्था एवं तकनीक का अध्ययन कर प्रदेश हेतु अनुकूल मीटरिंग व्यवस्था एवं तकनीक के सम्बन्ध में समय–समय पर संस्तुति प्रस्तुत करना।<br>• मीटरिंग एवं बिलिंग से सम्बन्धित विभिन्न प्रोसेस की यू०ए०टी० टीम में सहभागिता। |
| स्मार्ट मीटर सेल | श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह | श्री अंकित श्रीवास्तव, अधिशासी अभियन्ता | समस्त उपभोक्ताओं के विद्युत संयोजनों को स्मार्ट मीटर, प्रीपेड मीटर मोड में बदलने हेतु समस्त कार्य, ई०ई०एस०एल० एवं इसके अधीन संस्थाओं के माध्यम से पूर्ण परियोजना का अनुश्रवण, निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप स्मार्ट मीटरिंग प्रगति का अनुश्रवण, ऊर्जा बिलिंग एवं वाणिज्यक कार्यों का अनुश्रवण–नई और मौजूदा व्यावसायिक प्रक्रियाओं को विकसित कराना एवं उनका अनुश्रवण करना, कन्ज्यूमर इंडेक्सिंग एवं मीटर स्थापना का अनुश्रवण, बिलिंग निर्धारक गतिविधियों एवं लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कार्य योजना बनाना। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | श्री रजनीकान्त मिश्र, अधिशासी अभियन्ता | AMI (HES,MDM,C&B, SMART METER, TPS) का परिचालन एवं अनुश्रवण, मोबाइल/वेब ऐप्लिकेशन का सृजन एवं संवर्द्धन तथा AMI के विभिन्न घटकों का एकीकरण, डिस्कामों, आई अनुभाग, ईईएसएल, स्मार्ट मीटर एसआई एवं एलएंडटी, दूरसंचार सेवा प्रदाता एवं अन्य कार्यदायी संस्थाओं में परस्पर नियमित सामंजस्य स्थापित करना, MDM में बिलिंग डेटा प्रसंस्करण के उपरान्त CC&B को सटीक एवं समयबद्ध डेटा प्रेषण का अनुश्रवण। |
| | | श्री अमित चतुर्वेदी, सहायक अभियन्ता | विभिन्न माध्यमों से उपभोक्ताओं से विद्युत बिल वसूली सम्बन्धी यथा सी0एस0सी0, स्वयं सहायता समूह, पैक्स, पी0डी0एस0, मीटर रीडरों तथा अन्य एजेन्सीयों के द्वारा किये जा रहे विद्युत बिल के वसूली एवं अनुश्रवण किये जाने का कार्य, मीटरिंग, बिलिंग एवं कलेक्शन सम्बन्धी नीतियों का कारपोरेशन स्तर पर निर्धारण एवं डिस्कॉमों द्वारा इसके अनुक्रम में अनुश्रवण सम्बन्धी कार्य। |

| अनुभाग | अधीक्षण अभियन्ता | वर्तमान में कार्यरत अधिशासी /सहायक अभियन्ता | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| (एनर्जी ऑडिट) | श्री देवेन्द्र चन्द्र वर्मा, अधीक्षण अभियन्ता (एनर्जी ऑडिट) | श्री ब्रजेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता (उ0प्र0पा0का0लि0)<br><br>1– श्री अपूर्व तोमर, सहा0 अभियन्ता | • उदय योजना से सम्बन्धित बिन्दुओं की अध्यक्ष महोदय के स्तर पर दैनिक समीक्षा बैठक हेतु समन्वय।<br>• उक्त समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों पर कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या का संकलन एवं अनुश्रवण।<br>• उदय योजना के अन्तर्गत उपलब्धियों एवं कार्यबिन्दुओं की महालेखाकार द्वारा वर्ष 2015–16 से 2020–21 तक की आवरित अवधि हेतु की जा रही Pre & Post निष्पादन लेखापरीक्षा से सम्बन्धित कार्य।<br>• उदय सलाहकार से सम्बन्धित अनुबन्धीय कार्य। |
| | | श्री प्रभाकर सिंह, अधिशासी अभियन्ता<br><br>श्री सन्तोष कुमार पाठक, सहा0 अभियन्ता | • 33/11 के0वी0 उपकेन्द्र से 11 के0वी0 फीडर पर प्रेषित कुल ऊर्जा का मिलान करना तथा प्रत्येक 11 के0वी0 फीडर पर प्रेषित ऊर्जा एवं बिल्ड ऊर्जा से पोषकवार लाइन हानियों तथा ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों के आगणन एवं आख्या सम्बन्धी कार्य।<br>• वितरण प्रणाली के अन्तर्गत 33/11 के0वी0 उपकेन्द्रों तथा पोषकों (विभववार) के विवरण यथा–उपकेन्द्र /पोषक का नाम, कोड, मैपिंग इत्यादि से सम्बन्धित विसंगतियों को चिन्हित करना ।<br>• 11 के0वी0 फीडर के ऑडिट से प्राप्त ए0टी0 एण्ड सी0 हानियों का विश्लेषण कर खराब कलेक्शन एफिशिएन्सी एवं बिलिंग एफिशिएन्सी वाले क्षेत्रों को चिन्हित करना।<br>• बड़े उपभोक्ताओं का खपत के आधार पर विश्लेषण कर राजस्व क्षय की सम्भावना वाले उपभोक्ताओं को चिन्हित करना।<br>• फीडरवार समस्त परीक्षण खण्ड द्वारा मासिक इनपुट एनर्जी ससमय प्रविष्टि की समीक्षा एवं अनुश्रवण।<br>• सबस्टेशन डैशबोर्ड पर डेटा प्रविष्टि एवं अनुश्रवण।<br>• डिवीजन डैशबोर्ड पर डेटा प्रविष्टि एवं अनुश्रवण।<br>• प्रत्येक डिस्कॉम द्वारा डी0टी0 स्तर तक किये जाने वाले एनर्जी ऑडिट के कार्यों का अनुश्रवण।<br>• अपर मुख्य सचिव (ऊर्जा) महोदय द्वारा ऊर्जा एकाउन्टिंग एवं ऑडिट से सम्बन्धित बिन्दुओं की समीक्षा बैठक का सम्पादन।<br>• उक्त समीक्षा बैठक में दिये गये निर्देशों पर डिस्कॉम एवं विभिन्न इकाईयों द्वारा कृत कार्यवाही की अनुपालन आख्या का संकलन एवं अनुश्रवण।<br>• मेसर्स आर0ई0सी0पी0डी0सी0एल0 से सम्बन्धित अनुबन्धीय कार्य।<br>• एनर्जी ऑडिट कन्सल्टेन्ट के चयन हेतु आर0एफ0पी0 निविदा प्रक्रिया से सम्बन्धित कार्य। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | श्री संजय कुमार चौरसिया, अधिशासी अभियन्ता, (उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0) अतिरिक्त प्रभार ऊर्जा लेखा आदि कार्यों हेतु<br><br>1– श्री विकास मधेशिया, सहा0 अभियन्ता | • पारेषण प्रणाली से विभिन्न बिन्दुओं पर डिस्कॉम को (क्षेत्रवार) प्रेषित ऊर्जा का सत्यापन, पुनर्मिलान एवं समेकित कर डिस्कॉमवार प्रेषित ऊर्जा का आगणन।<br>• ओपेन एक्सेस उपभोक्ताओं द्वारा पारेषण प्रणाली से प्राप्त ऊर्जा को समेकित कर डिस्कॉमवार ओपेन एक्सेस ऊर्जा का आगणन।<br>• विभिन्न उत्पादन इकाईयों (इन्टर स्टेट एवं इन्ट्रा स्टेट) हेतु आर0एल0डी0सी0 या एस0एल0डी0सी0 द्वारा जारी ऊर्जा लेखा में उ0प्र0पा0का0लि0 (डिस्कॉम) के लिए निर्धारित ऊर्जा को समेकित कर उत्पादन इकाईयों से प्राप्त कुल आगणित ऊर्जा के आधार पर उ0प्र0पा0का0लि0 स्तर पर ऊर्जा लेखांकन एवं तदानुसार पारेषण हानियों का आंकलन।<br>• पारेषण प्रणाली से विभिन्न बिन्दुओं पर डिस्कॉम को (क्षेत्रवार) प्रेषित ऊर्जा का वितरण क्षेत्रों द्वारा निर्धारित की गयी विभिन्न बिन्दुओं पर प्राप्त ऊर्जा का पुनर्मिलान एवं समाकलन।<br>• वितरण क्षेत्रों के अन्तर्गत निर्धारित की गयी विक्रीत ऊर्जा का डिस्कॉमवार समाकलन एवं तदानुसार उ0प्र0पा0का0लि0 स्तर पर वितरण हानियों का आंकलन।<br>• कारपोरेशन स्तर पर समेकित कर आगणित ऊर्जा के आधार पर पारेषण एवं वितरण हानियों का निर्धारण एवं ऊर्जा लेखा सम्बन्धी कार्य।<br>• उ0प्र0पा0का0लि0 स्तर पर ओपेन एक्सेस प्रकरणों सम्बन्धी समस्त कार्य। |
| सोशल मीडिया सेल, उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 | श्री राकेश सहाय माथुर, अधीक्षण अभियन्ता (सोशल मीडिया) | श्री नरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता<br><br>श्री ललित बाजपेई, सहा0 अभियन्ता | • समस्त स्तर के सोशल मीडिया हैन्डल के शिकायतों का दैनिक एम0आई0एस0।<br>• "कू" (@uppcl_lucknow) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों तक पहुँचाना।<br>• फेसबुक पेज (UPPCLLKO) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों को सम्बन्धित अधिकारियों तक पहहुँचाना। |
| | | श्री नरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता<br><br>श्री संजय सिंह, सहा0 अभियन्ता | • डिस्कॉम के पाँच एवं जिला स्तर के पचहत्तर सोशल मीडिया सेल से समन्वय एवं कार्यों का अनुश्रवण।<br>• ट्विटर (@cmofficeup, @uppclchairman, @mduppcl, @uppcllko) के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ट्विट डेक, गूगल शीट के माध्यम से शिकायतो को सम्बन्धित अधिकारियों तक पहुँचाना। |
| | | श्री नरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता<br><br>श्री अर्नव कश्यप, सहा0 अभियन्ता | • प्रचार–प्रसार हेतु हिंदी एवं अंग्रेजी वाचन सामग्री निर्मित करना।<br>• अन्य माध्यम से भी प्रचार–प्रसार के लिए फ्लायर्स, पैम्फलेट बनाना।<br>• उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण हेतु ट्यूटोरियल वीडियो से संबंधित वाचन सामग्री तैयार करना।<br>• संगीत स्टॉक चित्र आदि को कंप्यूटर में सुरक्षित रखना।<br>• विभाग की योजनाओं/उपलब्धियों का प्रचार–प्रसार करना।<br>• विभागीय अनुभागों से प्रचार संबंधित कार्यों हेतु समन्वय स्थापित करना।<br>• विभागीय यूट्यूब चैनल पर उपभोक्ताओं की प्रतिक्रिया का उत्तर देना। |
| | | श्री नरेन्द्र कुमार, अधिशासी अभियन्ता<br><br>श्री मुकेश कुमार, सहा0 अभियन्ता | • प्रचार प्रसार हेतु वीडियो, चित्र बनाकर प्रकाशित करना।<br>• उपभोक्ताओं एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण हेतु ट्यूटोरियल वीडियो की एडिटिंग करना।<br>• उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड के आधिकारिक यूट्यूब चैनल (@uppclconsumerconnect) पर वीडियो शेयर कर प्रचार–प्रसार करना।<br>• अन्य माध्यम से भी प्रचार–प्रसार के लिए पोस्टर एवं बैनर निर्मित करना।<br>• स्टाक वीडियो, एडिटिंग सॉफ्टवेयर एवं क्रिएटिव आइटम्स को कंप्यूटर में सुरक्षित रखना।<br>• अधिकारियों के साक्षात्कार से संबंधित वीडियो को एडिट करना।<br>• उपभोक्ताओं से संबंधित आकस्मिक सूचनाओं का प्रचार–प्रसार करना। |

(3) आर0ए0यू0

| अनुभाग | अधीक्षण अभियन्ता | वर्तमान में कार्यरत, अधि0 / सहा0 अभि0 | कार्य का विवरण |
|---|---|---|---|
| | | श्री शुभम अग्रवाल सहा0 अभि0 – द्वितीय | यूपीईआरसी को प्रस्तुत की जाने वाली त्रैमासिक वृद्धि लागत गणना (आई0सी0), यूपीईआरसी द्वारा जारी हाउस पेपर्स एवं विभिन्न ड्राफ्ट रेगुलेशन पर टिप्पणियाँ, एस0ओ0पी0 रेगुलेशन सम्बन्धी कार्य, यूपीईआरसी के विभिन्न आदेशों के खिलाफ अपटेल / उच्च न्यायालय / सुप्रीम कोर्ट में अपीलें दायर करना एवं विभिन्न प्रकरणों याचिकाओं की पैरवी करना, विभिन्न इकाईयों द्वारा प्रेषित याचिका यू0पी0ई0आर0सी0 में प्रस्तुत करना, नियामक आयोग के ई–कोर्ट सम्बन्धी कार्य, सप्लाई कोड से सम्बन्धित कार्य, विभिन्न प्रोग्रेस रिपोर्ट आयोग में प्रस्तुत करना, आर0ए0यू0 से सम्बन्धित IGRS/ऊर्जा मंत्री / मुख्यमंत्री पोर्टल पर उत्तर प्रस्तुत करना, विधानसभा / संसद के प्रश्नों पर उत्तर प्रस्तुत करना, भारत के नियंत्रक महालेखा परीक्षक तथा ऑडिट प्रश्नों के उत्तर तैयार करना। |
| | श्री डी0सी0 वर्मा अधीक्षण अभियन्ता– द्वितीय | श्री विजय शंकर, अधिशासी अभियन्ता | यूपीईआरसी की एम0वाई0टी0 रेगुलेशन की आवश्यकता के अनुसार यूपीपीसीएल की विभिन्न इकाईयों एवं डिस्काम्स् से सम्बन्धित डाटा, डिस्काम्स् के बिजनेस प्लान, ए0आर0आर0, ए0पी0आर0 एवं ट्रू–अप एवं वितरण निगमों से प्राप्त टैरिफ / एआरआर याचिका के डाटा का सलाहकार की सहायता से परीक्षण कराना, संबंधित जनसुनवाई एवं डिफिशिऐन्सी नोट और पब्लिक प्रतिनिधित्व के उत्तर वितरण निगमों के माध्यम से तैयार कराना एवं परीक्षण कराना, कैपिटल कॉस्ट से सम्बन्धित कार्य। टैरिफ रेशनलाईज़ेशन संबंधी कार्य, आरएयू के टी0एण्डपी0 एवं अधिष्ठान तथा विभिन्न अनुबन्ध सम्बन्धी कार्य। मा0 नियामक आयोग की आवश्यकतानुसार अन्य विविध कार्य। |
| | | श्री शशिकान्त वर्मा सहायक अभि0–प्रथम | उ0प्र0पा0का0लि0 की इकाईयों यथा पीपीए, पीएमसी, वाणिज्य, रेस्पो, वित्त एवं वितरण निगमों से बिजनेस प्लान, ए0आर0आर0, ए0पी0आर0 एवं ट्रू–अप हेतु डाटा समय पर प्राप्त होने की मॉनिटरिंग एवं अन्य सम्बन्धित कार्य, टैरिफ याचिका पर डिफिशिऐन्सी नोट और पब्लिक प्रतिनिधित्व के उत्तर वितरण निगमों के माध्यम से तैयार कराना, मा0 नियामक आयोग द्वारा दिये गये डायरेक्टिव की अनुपालन सम्बन्धित कार्यवाही, फिक्स्ड ऐसेट रजिस्टर एवं Bad & Doubtful Debts से सम्बन्धित कार्य, मा0 आयोग द्वारा अनुमोदित टैरिफ के क्रियान्वयन हेतु टैरिफ समिति सम्बन्धी कार्य। आई0टी0 इकाई से प्राप्त डाटा का विश्लेषण। |
| | | श्री अभिषेक चौहान, सहायक अभि0–तृतीय | सी0ई0ए0 सम्बन्धित कार्य, विद्युत राजस्व सहायिकी, इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेशन्स से सम्बन्धित कार्य, आरएयू में स्थापित एम0आई0एस0 पोर्टल से सम्बन्धित कार्य, विद्युत अधिनियम, टैरिफ नीति संशोधन पर भारत सरकार के विद्युत मंत्रालय द्वारा मांगी गई टिप्पणियाँ, सलाहकार के परफार्मेस सम्बन्धी कार्य, वितरण निगम से कॉस्ट आडिट, इनर्जी आडिट से सम्बन्धित विवरण प्राप्त करना, रेस्पो इकाई से प्राप्त कास्ट डाटा बुक पर सुझाव मा0 आयोग को प्रस्तुत करना। |

**अध्यक्ष**

**संख्याः 142–अ0प्र0(2अ) / पाकालि / 2022 तद्दिनांक**

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0 / उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
2. समस्त निदेशक, उ0प्र0पा0का0लि0 / उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
3. प्रबन्ध निदेशक, दक्षिणान्चल / मध्यान्चल / पूर्वान्चल / पश्चिमान्चल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, आगरा / लखनऊ / वाराणसी / मेरठ / केस्को लिमिटेड, कानपुर।
4. समस्त संयुक्त सचिव, उ0प्र0पा0का0लि0 / उ0प्र0पा0ट्रा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
5. उप महा प्रबन्धक (लेखा प्रशासन) / लेखा अधिकारी (वेतन एवं लेखा), उ0प्र0पा0का0लि0, लखनऊ।
6. उप सचिव (गोपन), उ0प्र0पा0का0लि0, शक्ति भवन, लखनऊ।
7. सम्बन्धित अधिकारी / वैयक्तिक पत्रावली / कट फाइल / नोटिस बोर्ड।

आज्ञा से,

(सदानन्द)
उप सचिव (अ0प्र0–02ब)